# कार्यालय अधीक्षक मथुरा दास माथुर चिकित्सालय जोधपुर

क्रमांकःसुगमपोर्टल / मदामाचि / जो / 18 / 18231 दिनांकः 25.8.18

प्रेषितः

प्रभारी,
संपर्क पोर्टल,
मथुरादास माथुर चिकित्सालय,
जोधपुर ।

विषयः– संपर्क पोर्टल शिकायत संख्या 08180534141193
श्री ज्ञानेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल के संबध में ।

..................

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रकरण के संबध में लेख है कि इस चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग के आईसीयू में फर्श पर गिरा केमीकल फॉरमेलिन था जो फ्यूमिगेशन एवं बॉयप्सी के कार्य में आता है । फॉरमेलिन गिरते ही वहां भर्ती बच्चों को सुरक्षा के दृष्टिगत पास ही स्थित सुसज्जित आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया ताकि बच्चों के परिजनों में किसी प्रकार का भय का वातावरण न रहे । इसके अलावा उक्त प्रकरण से किसी बच्चे की मौत नहीं हुई, उस समय जो बच्चे की मौत हुई वह पूर्व से ही सिरीयस था । उक्त प्रकरण की जांच कराई गई तथा जांच रिपोर्ट अनुसार संबधित कार्मिकों को सख्त हिदायत दे दी गई है ताकि इस प्रकार की पुनरावृति न होने पावे । प्रकरण से संबधित कार्मिकों को भी चेतावनी पत्र जारी कर दिए गए हैं । अतः फॉरमिलीन गिरने से किसी मरीज को कोई नुकसान नहीं पहुंचा ।

अधीक्षक
मथुरादास माथुर चिकित्सालय
जोधपुर